# University in News on 06 March 2022

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीएड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई। इसके साथ ही अन्य पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्व से संचालित हो रही हैं। शनिवार को दो पालियों में परीक्षाएं संचालित शांतिपूर्ण रूप से संचालित हुई। बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 5291 छात्र-छात्राओं सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा में 23891 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें 345 छात्र परीक्षा में नहीं शामिल हुए। बीएड की परीक्षा के अन्तर्गत पहले दिन छात्र-छात्राओं ने सुबह 9 से 12 बजे की पाली में मेजरमेंट एण्ड इवैलुशन इन एजुकेशन विषय का प्रश्न पत्र हल किया। बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन दिन में पूरी हो जाएगी। 9 और 11 मार्च को बीएड के अन्य बचे हुए विषयों की परीक्षा होगी।

### बीएससी प्रैक्टिकल 12 मार्च को होंगे

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी तीसरे सेमेस्टर के जेनेटिक्स और जेनोमिक्स प्रैक्टिकल परीक्षा 12 मार्च को होगी। प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी। छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए गए हैं। प्रैक्टिकल परीक्षा समय से आधा घंटा पूर्व छात्र लैब पंहुचे।

### छात्रा को मिली इंटर्नशिप

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियल सिंह कनाडा में रिसर्च इंटर्नशिप करेंगी। ग्लोबल लिंक रिसर्च इंटर्नशिप अवार्ड के तहत डलहौजी यूनिवर्सिटी, हालिफैक्स, कनाडा में रिसर्च इंटर्नशिप की प्रोफाइल पर प्रियल का चयन हुआ।

### विधिक लेखन पर सत्र

**लखनऊ।** एलयू के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय में मूट कोर्ट कमेटी ने विधिक लेखन विषय पर एक सत्र किया। मुख्य वक्ता के रूप में राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के शोध छात्र शंभू नाथ मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार की विधिक लेखन प्रणाली बतायी।

## JAGRAN CITY PAGE I & III

### रिसर्च इंटर्नशिप के लिए छात्रा चयनित

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियल सिंह का ग्लोबल लिंक रिसर्च इंटर्नशिप अवार्ड 2022 के तहत डलहौजी यूनिवर्सिटी, हालिफैक्स, कनाडा में रिसर्च इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है।

प्रियल सिंह जुलाई से सितंबर के बीच डलहौजी यूनिवर्सिटी में प्रो. डेरेक रेली की गाइडेंस में 'एप्लाविंग स्पेसियल एनालिसिस टू इनेबल लार्ज-स्केल औगमेंटेड रियलिटी गेम्स एंड नैरेटिव एक्सपीरियंसस' पर शोध करेंगी। इस रिसर्च इंटर्नशिप के लिए प्रियल को आठ हजार कैनेडियन डालर की स्पांसरशिप मिटाक्स द्वारा दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।

**प्रयोगात्मक परीक्षा 12 को :** लवि में बीएससी तीसरे सेमेस्टर जेनेटिक्स एंड जियोनामिक्स विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 मार्च को सुबह 11 बजे से होगी। शनिवार को जूलाजी विभाग की ओर से इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया।

### 'विधि के क्षेत्र में लेखन जरूरी'

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी ने शनिवार को विधिक लेखन विषय पर सत्र आयोजित किया। मुख्य वक्ता राम मनोहर लोहिया नेशनल ला यूनिवर्सिटी लखनऊ के शोध छात्र शंभू नाथ मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने सभी छात्रों को कई प्रकार की विधिक लेखन प्रणाली जैसे रिसर्च पेपर, सेमिनार पेपर, निबंध, ड्राफ्टिंग आदि के बारे में बताया।

### लवि : बीएड की सेमेस्टर रीक्षाएं शुरू

**लखनऊ :** लवि की ओर से शनिवार ो बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं ी शुरू हो गई। इसके लिए 30 केंद्र नाए गए हैं, जिन पर 62 कालेजों के 291 परीक्षार्थी शामिल हुए। सुबह ौ बजे से मेजरमेंट एंड इवैल्युएशन न एजुकेशन की परीक्षा शुरू हुई। हीं, बीएससी तीसरे सेमेस्टर, बीए ीसरे व पांचवें सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस और बीकाम पांचवें सेमेस्टर े विभिन्न विषयों की परीक्षाएं भी आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक े बताया कि सभी परीक्षाओं को मिलाकर 23,891 में से 345 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। (जासं)

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गईं। इसके साथ ही अन्य पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्व से संचालित हो रही हैं। शनिवार को दो पालियों में परीक्षाओं का संचालन किया गया, जो शांतिपूर्ण रूप से संचालित हुईं। बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 5,291 छात्र-छात्राओं सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा में 23,891 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें 345 छात्र परीक्षा में नहीं शामिल हुए। बीएड की परीक्षा के अन्तर्गत पहले दिन छात्र-छात्राओं ने सुबह नौ से 12 बजे की पाली में मेजरमेंट एण्ड इवैलुशन इन एजुकेशन विषय का प्रश्न पत्र हल किया। बीएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन दिन में पूरी हो जाएगी। नौ और 11 मार्च को बीएड के अन्य बचे हुए विषयों की परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान सचल दल ने निरीक्षण भी किया।